बरेली, शनिवार
7 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

PAGE NO : 04 TOP

एकल में यूपी के विपरांश और आराध्या जीते

क्वालीफाइंग राउंड से डा. अखिलेश दास गुप्ता स्मारक आल इंडिया सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट शुरू

जासं, बरेली: क्वालीफाइंग राउंड से डा. अखिलेशदास गुप्ता स्मारक आल इंडिया सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट-2023 शुक्रवार से शुरू हुआ। टूर्नामेंट के पहले दिन स्पोर्ट्स स्टेडियम, एसआरएमएस मेडिकल कालेज व इंजीनियरिंग कालेज के कोर्ट पर 400 क्वालीफाइंग मुकाबले खेले गए। इसमें यूपी से विपरांश सिंह ने पुरुष एकल और आराध्या कुशवाहा को महिला एकल में जीत दर्ज की। टूर्नामेंट का उद्घाटन एसआरएमएस में संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति और स्पोर्ट्स कालेज में मुख्य विकास अधिकारी जगप्रवेश ने किया।

एसआरएमएस में खेले गए पुरुष एकल के मुकाबले में यूपी के विपरांश सिंह ने दो सेट में बिहार के गोपाल कुमार को 16-4, 15-3 से शिकस्त देकर अगले चरण में जगह बनाई। महिला एकल में यूपी की आराध्या ने तमिलनाडु की सृष्टि सत्यनारायण को 15-2, 15-5 से शिकस्त दी। पुरुष डबल्स में हरियाणा की जोड़ी देवव्रत मान और सौरभ नैन ने उत्तराखंड की जोड़ी जीवन बोरा व उमंग कौशिक को 15-2, 15-11 से हरा दिया। मिश्रित युगल में यूपी के निकेंद्र मलिक और नंदनी यादव को वाक ओवर मिल गया। उनका मुकाबला हिमाचल प्रदेश की जोड़ी उदयवीर सिंह और कृतिका ठाकुर से था, लेकिन वह मैच में नहीं पहुंचे। इसके अलावा यूपी के आदित्य सिंह और सूर्य प्रताप की जोड़ी को पुरुष डबल्स में हिमाचल प्रदेश के अक्षित दत्त और उदय वीर सिंह की जोड़ी ने 15-9, 15-11 से शिकस्त दी।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर मौजूद सीडीओ जग प्रवेश, अनिल मेहरोत्रा, बसंत चतुर्वेदी व अन्य • सौ., एसोसिएशन

स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता में शाट लगाती दिल्ली की शुभांगी • जागरण

नौ अक्टूबर से खेले जाएंगे प्रतियोगिता में मुख्य ड्रा के मुकाबले, पहले दिन छाए यूपी के खिलाड़ी

बैडमिंटन में भारत के लिए पदक जीतना है। इसी सपने के साथ बैडमिंटन कोर्ट पर पसीना बहा रहा हूं। वर्ष-2016 में इसी प्रतियोगिता में मिक्स डबल्स में शानदार प्रदर्शन रहा। बीबीडी बैडमिंटन एकेडमी का प्रशिक्षु रहते इंटरनेशनल में वर्ष-2012 इंटरनेशनल और वर्ष-2013 में जूनियर नेशनल बैडमिंटन में प्रतिभाग किया।

विनय कुमार सिंह कैग टीम, ईस्ट जोन, उप्र.

पिता राजेश सैनी के कहने पर बैडमिंटन खेलना शुरू किया। वर्ष-2016 में सब जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया खेलने गईं। निजी कारणों से बीच में खेलना छोड़ दिया, लेकिन स्वजन के कहने पर दोबारा वापसी की है। शुक्रवार को महिला एकल में कर्नाटक की अखिला आनंद को हराकर जीत हासिल की।

रिजुला सैनी, चंडीगढ़

वर्ष-2010 में पहली बार अंडर-10 स्टेट चैंपियनशिप जीती। इसके बाद वर्ष-2019 में जयपुर में आयोजित सीनियर स्टेट खेला और वर्ष-2022 से कैग की ओर से खेल रही हूं। करीब 13 साल से प्रोफेशनल बैडमिंटन खिलाड़ी हूं। बरेली के टूर्नामेंट में जीत से शुरुआत कर दी है। लक्ष्य केवल भारत की ओर से ओलिंपिक खेलना है।

यशिता माथुर, जयपुर

PAGE NO : 05 TOP

प्रतियोगिता: अखिलेशदास गुप्ता स्मारक आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट सुबह 10 बजे।